# All India Subordinate Court Staff Association (AISCSA)

**Head Office : District Court Campus, Sonebhadra. U.P. - 231216**
**Secretariat : District Court Campus, Tikamgarh. M.P.- 472001**
**Email : aiscsa2017@gmail.com, Twitter : @courtwala Whatsapp : 7007539397**

Dr. Anurag Shrivastava
M.Com., Ph.D.
President
7007539397, 7398883165

Sanjay Surothiya
M.Sc., L.L.B.
General Secretary
Mob. : 9755331811



**Patron**
R.K. Dewaliya
Anil Shukla

**Satyabrata Mohanty**
M.A. L.L.B.
Sr. Vice President

**National Voice President**

Hemant Sharma
(Delhi)

Manoj Bharadwaj
(M.P.)

Santosh Kumar
(Bihar)

Harmeet Singh
(Punjab)

Shailendra Shrivastava
(Haryana)

Suman Ranjan Sinha
(Jharkhand)

Lika Doke
(Arunachal Pradesh)

Ranjan Rao Desale
(Maharashtra)

Parth Pratim das
(W.B.)

Sanjay Tiwari
(Treasurer)

Pankaj Kulshreshtra
(Organisation Secretary)

Ashish Mishra
(Spokeman)

Sarvesh Shrivastava
Zonal Head - North India

Swapnendu S.Kar
Zonal Head- North East India

**Executive Council**
Purushottam Chaudhary
Dharmendra Chaurasia
Anshuman Ojha
Shahid Khan


जा0क्र0: 15/2020 टीकमगढ़, दिनांकः- **18.04.2020**

**सेवा में,**

**परम आंदरणीय माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय,**
माननीय उच्च न्यायालय,
ईलाहाबाद/आंध्रप्रदेश/बॉम्बे/कलकत्ता/छत्तीसगढ़/दिल्ली/गुवाहाटी/गुजरात/हिमाचल प्रदेश/ जम्मू एवं कश्मीर/झारखंड/कर्नाटक/केरल/मध्य प्रदेश/मद्रास/मनिपुर/मेघालय/ओडिसा/पटना/पंजाब एवं हरियाणा /राजस्थान/सिक्किम/तेलंगाना/त्रिपुरा/ उत्तराखंड

**द्वारा:**

मानूनीय महानिबंधक महोदय, मानूनीय उच्च न्यायालय।

**विषय:**

राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान एवं खुलने के उपरांत, न्यायालय खुलने पर न्यायालयीन कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के सम्बंध में।

**मानूनीय महोदय,**

पूर्ण श्रद्धा एवं आदर के साथ परम आदरणीय माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय से सादर निवेदन है कि अधीनस्थ न्यायालय के कर्मचारी, माननीय महोदय के अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारी हैं जो माननीय न्यायालय के दिशा-निर्देश अनुसार अपने पदीय कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

यद्यपि न्यायालयीन सेवा को आवश्यक सेवाओं में शामिल नहीं किया गया है,परंतु कोविड-19 जैसी महामारी की विपदा की संकटपूर्ण घड़ी में भी हम न्यायकर्मी माननीय न्यायालय की अपेक्षानुसार कार्य कर रहें हैं। यह निर्विवाद सत्य है कि इस महामारी का कोई उपचार अब तक उपलब्ध नहीं हो सका है और हम स्वयं को सुरक्षित रखने के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए येन केन प्रकारेण अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

तमाम दुश्वारियों एवं बचाव के उपलब्ध संसाधनों के बीच कार्य करते हुए भी दिल्ली में साकेत कोर्ट में कार्यरत कर्मचारी कोरोना जैसी बीमारी का शिकार होकर असमय काल कलवित हो गये और उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद में रिमांड कार्य करने वाले माननीय न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी संक्रमण के शिकार अभियुक्त की पेशी के दौरान संक्रमण की आशंका से सहमें हैं। यद्यपि जौनपुर में ड्यूटी के दौरान न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी की कोरोना जॉच की रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है परंतु सभी सम्बंधित 14 दिन के आइसोलेशन में चले गये हैं।

# All India Subordinate Court Staff Association (AISCSA)

AISCSA
Unity for Betterment

**Head Office : District Court Campus, Sonebhadra. U.P. - 231216**
**Secretariat : District Court Campus, Tikamgarh. M.P.- 472001**
**Email : aiscsa2017@gmail.com, Twitter : @courtwala Whatsapp : 7007539397**

Dr. Anurag Shrivastava
M.Com., Ph.D.
President
7007539397, 7398883165

Sanjay Surothiya
M.Sc., L.L.B.
General Secretary
Mob. : 9755331811



**Patron**
R.K. Dewaliya
Anil Shukla

**Satyabrata Mohanty**
M.A. L.L.B.
Sr. Vice President

**National Voice President**

Hemant Sharma
(Delhi)

Manoj Bharadwaj
(M.P.)

Santosh Kumar
(Bihar)

Harmeet Singh
(Punjab)

Shailendra Shrivastava
(Haryana)

Suman Ranjan Sinha
(Jharkhand)

Lika Doke
(Arunachal Pradesh)

Ranjan Rao Desale
(Maharashtra)

Parth Pratim das
(W.B.)

Sanjay Tiwari
(Treasurer)

Pankaj Kulshreshtra
(Organisation Secretary)

Ashish Mishra
(Spokeman)

Sarvesh Shrivastava
Zonal Head - North India

Swapnendu S.Kar
Zonal Head- North East India

**Executive Council**
Purushottam Chaudhary
Dharmendra Chaurasia
Anshuman Ojha
Shahid Khan


केंद्रीय शासन की **"जान भी जहान भी"** की मंशानुसार न्यायालय भी शीघ्र खुलने की संभावना है ऐसी स्थिति में अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संगठन, परम आदरणीय माननीय मुख्य न्यायाधिपति से पूर्ण श्रद्धा एवं आदर के साथ निम्नलिखित याचना करता है कि -

1. जब तक स्थिति सामान्य न हो जाये तब तक सामान्य वादकारियों का न्यायालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित किया जाये।

2. न्यायालय में कार्य कर रहे कर्मचारियों को कोरोना से संक्रमित होने की दशा में उच्च स्तरीय अस्पताल में कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाये और मृत्यु की दुःखद स्थिति में उनके परिवारीजनों को सेवागत लाभों के अतिरिक्त 50,00,000/- (पचास लाख रूपया मात्र) की क्षतिपूर्ति प्रदान करने का आदेश पारित किया जाये।

3. घर से कार्यस्थल तक आने जाने के लिए फोटोयुक्त ई-पास प्रदान किये जाये।

4. प्रत्येक न्यायालय में पर्याप्त मात्रा में मास्क, ग्लब्स, सेनिटाइजर इत्यादि उपलब्ध कराया जाये क्योंकि माननीय न्यायालय के पूर्वादेश के अनुपालन में बेहद हल्के एवं दोबारा उपयोग हेतु अपर्याप्त मास्क ही उपलब्ध कराये गयें हैं जो अब निष्प्रयोज्य हो चुके हैं।

पूरे देश में कार्यरत कर्मचारियों की ओर से संगठन, परम आदरणीय कृपालु माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा पारित किये जाने वाले **"जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि"** को ध्यान में रख कर पारित किये जाने वाले आदेश के प्रति अग्रिम आभार प्रकट करता है और अपने समस्त न्यायिक परिवार के सदस्यों की जीवन रक्षा की मंगल कामना करता है।

**पूर्ण श्रद्धा एवं आदर के साथ !**

दिनांकः 18.04.2020

-विनयी-

18.04.2020
*(संजय सूरोठिया)*
Sanjay Surothiya
General Secretary
AISCSA
महासचिव
ऑल इंडिया सब-ऑर्डिनेट कोर्ट्स स्टॉफ एसोसिएशन

**प्रतिलिपि-**

1. **परम आदरणीय माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय, माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली।**
2. डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ।

Sd/-
*(संजय सूरोठिया)*
महासचिव
ऑल इंडिया सब-ऑर्डिनेट कोर्ट्स स्टॉफ एसोसिएशन